# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 19/06/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Bhaskar, Jamshedpur, (JKD)**

एहतियात • मानगो हनुमान मंदिर, टेल्को बारीनगर, जुगसलाई, परसुडीह इलाके में थी खास नजर



पुलिस का फ्लैग मार्च।



मस्जिद से लौटते नमाजी।

# संवेदनशील इलाकों में तैनात रही पुलिस फोर्स

क्राइम रिपोर्टर | जमशेदपुर

रांची में नूपुर शर्मा के बयान को लेकर 10 जून को रांची में हुई हिंसक घटना के बाद शुक्रवार को जुमा की नमाज को देखते हुए शहर के 21 संवेदनशील इलाकों में भारी संख्या में फोर्स तैनात की गई थी। हांलाकि पूर्व संध्या पर जिला पुलिस ने फ्लैग मार्च कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, बावजूद इसके शुक्रवार सुबह से दंडाधिकारी के साथ-साथ इलाकों के अलावा चौक-चौराहो पर फोर्स थी। शुक्रवार दोपहर नमाज को लेकर धार्मिक स्थलों के बाहर रैफ, क्यूआरटी, आइआरबी व जिला पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। मानगो हनुमान मंदिर व टेल्को बारीनगर में सबसे ज्यादा फोर्स तैनात थी। वहीं जुगसलाई, परसुडीह, धातकीडीह, कदमा व सोनारी में भी पुलिस तैनात की गई थी। एसएसपी डॉ एम तमिलवाणन, सिटी एसपी के विजय शंकर, ग्रामीण एसपी मुकेश लूनायत, एएसपी सुधांशु जैन सड़कों पर उतरकर अलर्ट मोड की निगरानी करते दिखे। एसएसपी व सिटी एसपी ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की तथा उपद्रवियों को चेतावनी दी थी। सीसीआर डीएसपी अनिवेश गुप्ता, डीएसपी बीरेंद्र राम, फैज अकरम, सुमित कुमार अपने क्षेत्र का जायजा लेते रहे। नमाज के वक्त सभी थानेदार मस्जिदों के सामने तैनात थे।




मंदिर के पास तैनात फोर्स।

Dainik Jagran, Jamshedpur, (JKD)

# चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस, जुमे की नमाज के बाद शांतिपूर्ण रहा माहौल

जासं, जमशेदपुर : रांची में 10 जून को हुई घटना को लेकर शहर समेत पूर्वी सिंहभूम जिले में भी जिला प्रशासन अलर्ट था। शहर समेत जिले भर की मस्जिदों व मंदिरों के आसपास वज्रवाहन, एंबुलेंस, दमकल आदि के साथ उपायुक्त ने कुल 31 दंडाधिकारी तैनात किए गए थे। हालांकि आशंका के विपरीत जुमे की नमाज के बाद शहर का माहौल शांतिपूर्ण रहा। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

मस्जिदों में दोपहर को मुस्लिम समुदाय के धर्मावलंबी शांतिपूर्वक गए, तो नमाज पढ़ने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से अपने-अपने घर व दुकान लौट गए। इसे लेकर गुरुवार को धतकीडीह में तंजीम अहले सुन्नत ने संवाददाता सम्मेलन करके इस बात का ऐलान किया था कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद किसी मस्जिद में धरना-प्रदर्शन नहीं होगा। कोई जुलूस नहीं निकलेगा। हालांकि मस्जिदों में चंदा किया जाएगा, जिसकी राशि रांची की घटना में मृतक व घायलों के परिवार को सहायता राशि के रूप में प्रदान की जाएगी। इस घोषणा के बावजूद उपायुक्त विजया जाधव ने सतर्कता बरतते हुए मानगो, धतकीडीह, साकची, बिष्टुपुर समेत जिले भर की मस्जिदों व मानगो के बड़ा हनुमान मंदिर, कदमा के रंकिणी मंदिर, साकची के शीतला व मनोकामना मंदिर में दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए थे। दोपहर करीब 11.30 बजे से ही दंडाधिकारी पुलिस बल के साथ अपने प्रतिनियुक्ति स्थल के आसपास लगातार गश्त करते रहे, जबकि चौक-चौराहों पर वज्र वाहन, एंबुलेंस व दमकल के साथ जिला पुलिस व रैफ के जवान मुस्तैद थे। दंगारोधी संसाधनों के साथ महिला पुलिस भी पर्याप्त संख्या में तैनात थी। आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय था, लेकिन हर जगह शांति बनी रही। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी इंटरनेट मीडिया पर भी सक्रिय रहे, ताकि फेसबुक-वाट्सएप पर वायरल हो रहे किसी मैसेज को ट्रैप किया जा सके। जिला प्रशासन ने दोपहर बाद शांतिपूर्ण माहौल रहने से सुकून महसूस किया, लेकिन भविष्य को लेकर भी प्रशासन सतर्क है।




मानगो में शुक्रवार को तैनात क्यूआरटी की टीम

- **जिले की 27 मस्जिदों पर पुलिस बल के साथ गश्त लगाते रहे दंडाधिकारी**
- **शहर की प्रमुख मंदिरों पर भी सुरक्षा की थी चाक-चौबंद व्यवस्था**

**Hindustan, Jamshedpur, (JKD)**

# चौकसी और अमन की अपील के बीच अदा हुई जुमे की नमाज

जमशेदपुर, वरीय संवाददाता। पूर्वी सिंहभूम में जुमे की नमाज के बाद उपद्रव की आशंका को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।

स्थिति ना बिगड़े, इसके लिए रैपिड एक्शन फोर्स की दो कंपनी को तैनात किया गया था, जिसमें एक कंपनी को मानगो, जबकि दूसरी को साकची गोलचक्कर पर तैयार रखा गया था। हालांकि, मस्जिदों में जुमे की नमाज के वक्त उलेमाओं की अमन की अपील के चलते न तो कोई जुलूस निकला और न ही विरोध प्रदर्शन हुआ। जुमे में कहीं न तो जुलूस निकाला, न प्रदर्शन किया। अप्रिय घटना नहीं घटी।

**साकची गोलचक्कर पर रैफ तैनातः** साकची गोलचक्कर में सुबह 11 बजे से रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई थी। साथ ही यहां जैप के जवानों को भी तैनात किया गया था। पुलिस के मुख्य बिंदु में साकची गोलचक्कर था साकची क्षेत्र में तीन प्रमुख मस्जिदें हैं, जिसके बाहर भी पुलिस की तैनाती थी। इन तीनों मस्जिदों में उलेमाओं ने तकरीर में शांति की अपील की।

**धतकीडीह, शास्त्रीनगर में दुआः** धतकीडीह मस्जिद के बाहर भी पुलिस बल को तैनात किया गया था। तकरीर में पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम की सीरत का बयान किया गया और कहा गया कि किस तरह से उन्होंने सब्र किया और अमन का पैगाम दिया। शास्त्रीनगर मस्जिद के बाहर भी पुलिस बल की तैनाती थी।



शुक्रवार को मानगो में सुरक्षा को लेकर गश्त करते पुलिस अधिकारी और रैफ के जवान। ● हिन्दुस्तान

- जैप के जवानों को भी किया गया था तैनात
- कपाली में शांतिपूर्वक अदा हुई जुमे की नमाज

## गोलमुरी : शांति की अपील

गोलमुरी मस्जिद में शांति की अपील की गई। किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकला और ना प्रदर्शन हुआ। यहां पुलिस बल की बाहर तैनाती थी। गोलमुरी मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल्ला हसन मुन्ना ने बताया कि पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम के बारे में उनकी सीरत के बारे में और साथ ही किस तरह से उनका दुश्मनों के साथ भी मोहब्बत का सलूक था, यह बताया। उलेमाओं ने शांति की अपील की।

## मानगो: धार्मिक स्थलों के बाहर फोर्स की तैनाती

मानगो इलाके में सुबह जैप के जवानों को तैनात कर दिया गया। यहां रैफ का बज्र वाहन लाया गया था। वैसे धार्मिक स्थल जहां गड़बड़ी हो सकती थी, वहां रात से ही पुलिस बल की तैनाती थी, ताकि कोई घटना नहीं घटे। इधर, जुमे की नमाज से पहले मानगो और आजाद नगर इलाके की 18 मस्जिदों के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया था। इन इलाकों में भी मस्जिद से शांति की अपील की गई और कहा गया कि कोई किसी भी तरह का जुलूस, प्रदर्शन नहीं निकालेगा। उलेमाओं की बात का युवाओं ने पालन भी किया। नमाज के बाद मस्जिद के प्रमुख लोगों द्वारा किसी एक जगह में युवकों की भीड़ एकत्रित होने नहीं दी गई।

## जुगसालाई: 11 मस्जिदों के बाहर फोर्स, शांति

जुगसलाई इलाके में 11 मस्जिदें हैं, जिनके बाहर पुलिस को तैनात किया गया था। थाना प्रभारी खुद गश्त कर रहे थे। लगातार इसके साथ ही पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ियां भी मुस्लिम बहुल इलाकों में गश्त लगा रही थीं। इधर, उलेमाओं ने यहां भी लोगों से शांति बनाने और साथ ही किसी जुलूस प्रदर्शन में शामिल नहीं होने की अपील की। शांति समिति के सदस्य भी कुछ मस्जिदों के बाहर थे। जुगसलाई इलाके में नमाज के बाद लोग कब्रिस्तान गए और यहां मुर्दों के मगफिरत के लिए दुआ मांगी।

Prabhat Khabar, Jamshedpur, (JKD)

# डीसी-एसएसपी शांति बनाये रखने के लिए दल-बल के साथ सड़कों पर उतरे

- धार्मिक स्थलों की सुरक्षा में मुस्तैद दिखे पुलिसकर्मी
- जुलूस नहीं निकले इस पर रहा फोकस

**प्रमुख संवाददाता, जमशेदपुर**

**शहर** में अमन चैन बना रहे, इसको लेकर जिला प्रशासन शुक्रवार को पूरी तरह से चौकस रहा. धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर प्रशासन का विशेष फोकस रहा. जिले के 31 थाना क्षेत्रों में सुबह दस बजे से ही दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी थी. संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ गश्त में लगे रहे. मानगो, साकची, जुगसलाई, मकदमपुर आदि क्षेत्रों में पुलिस केंद्रित रही. रैफ की दो अतिरिक्त कंपनी की तैनाती की गयी थी. मुस्लिम संगठन तंजीम अहल ए सुन्नत ने गुरुवार को ही घोषित कर दिया था कि शुक्रवार (जुमा) को नमाज के बाद कोई जुलूस नहीं निकालेंगे. तकरीर के दौरान रांची की घटना की निंदा करेंगे. लेकिन जिला प्रशासन विधि-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड पर था. चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी. जुमा की नमाज के लिए लोग मस्जिदों में पहुंचे, इसके बाद अपने-अपने घरों की ओर लौट गये. हालांकि जुगसलाई में अग्निपथ मामले को लेकर कुछ विवाद अवश्य हुआ, लेकिन उपायुक्त व एसएसपी के वहां पहुंच जाने से स्थिति संभल गयी. उपायुक्त विजया जाधव, एसएसपी डॉ एम तमिल वाणन, सिटी एसपी के विजय शंकर लगातार गश्त पर रहे, इस दौरान अधीनस्थ पदाधिकारियों से अपडेट लेते रहे. शहर में भी किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन व सीसीआर में अतिरिक्त पुलिस बल को तैयार रखा गया था.



आजादबस्ती रोड नंबर दो बारी मस्जिद में सड़क पर नमाज अदा करते लोग.





### मानगो में तैनात रहे मजिस्ट्रेट

**जमशेदपुर.** डीसी के आदेश पर शुक्रवार को मानगो में प्रतिनियुक्त किये गये सभी मजिस्ट्रेट अपने स्थान पर तैनात रहे. शांति व्यवस्था भंग होने एवं विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए मानगो नगर निगम क्षेत्र में दंडाधिकारियों की तैनाती की गयी थी. मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के नेतृत्व में प्रतिनियुक्त चारों दंडाधिकारी सक्रिय रहे.

**शहर के चौक-चौराहों पर की गयी विशेष चौकसी.** रैफ की तैनाती साकची गोलचक्कर और मानगो में विशेष रूप से की गयी थी. आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी. साथ ही जांच अभियान भी चलाया जा रहा था. एसएसपी डॉ एम तमिलवाणन ने कहा कि शहर में विधि व्यवस्था सामान्य बनी रहे, इसके लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे.

**Bhaskar, Mehandipur Balaji, (RAJ)**

# मानपुर में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च



मानपुर। रैपिड एक्शन फोर्स एवं पुलिस जवानों ने शनिवार को कस्बे में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

सुबह मानपुर डिप्टी एसपी संतराम के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स एवं पुलिस जवानों ने कस्बे के बाजार एवं मौहल्लों में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान अधिकारियों ने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों से सावधानी बरतने एवं साम्प्रदायिक सद्भावना बनाए रखने की अपील की। इस दौरान थानाप्रभारी सीताराम सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसी प्रकार सिकराय कस्बे में भी जवानों ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

# मेहंदीपुर बालाजी में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

भास्कर न्यूज़। मेहंदीपुर बालाजी

आस्थाधाम में शनिवार रैपिड एक्शन फोर्स व थाना पुलिस के जवानों ने परिचय अभ्यास कार्यक्रम के तहत कस्बे से होकर फ्लैग मार्च निकाला। आरएएफ जवानों ने हथियारों व सुरक्षा उपकरणो से लैस होकर मुख्य बाजार, टोडाभीम रोड, उदयपुरा तिराहे पर निकाला फ़्लैग मार्च जिसमे जवानों ने क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था का संदेश दिया। डिप्टी एसपी संतराम मीना ने बताया कि फ़्लैग मार्च से भविष्य में किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक तनाव, दंगा, अन्य आपात स्थिति, प्राकृतिक आपदा होने पर कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण किया जा सके फोर्स के कमांडेंट नंदलाल मीणा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र का भी अध्ययन करेगी। यह एक अभ्यास है, जो नियमित अंतराल के बाद किया जाता है।

## Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF






**106BN RAF DEPLOYED FOR LAW AND ORDER DUTY JAMSHEDPUR, (JKD)**

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**